सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 09 सितम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन में सिडकुल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित ''औद्योगिक पुरोधाओं का सम्मान'' समारोह में प्रतिभाग किया। उन्होंने इस समारोह में औद्योगिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले 35 उद्यमियों को सम्मानित किया। सम्मानित हुए सभी उद्यमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि हम आज उन पुरोधाओं को सम्मान कर रहे हैं जिन्होंने रोजगार सृजन और औद्योगिकरण को बढ़ावा दिया है।

उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं विकास में उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश के उद्यमियों ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए अपने परिश्रम और दृढ़ निश्चय से अपने उद्यम को प्रतिस्थापित किया है जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे राष्ट्र की गति, शक्ति और प्रगति में उद्यमियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। मैन्युफैक्चरिंग का क्षेत्र किसी भी देश और प्रदेश की तरक्की का पहला आईना माना जाता है। अधिक उद्योग, अधिक उत्पादन, अधिक विनिर्माण हर एक प्रदेश या देश की तरक्की की निशानी होती है। उत्तराखण्ड के उद्योगपति के रूप में आपकी भूमिका और आपका योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी उद्यमी अपनी कर्तव्य भावना से राज्य के विनिर्माण क्षेत्र में एक नयी क्रांति लाने के लिए प्रयत्नशील होंगे।

राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार से उत्तराखण्ड ने फार्मा, ऑटो पार्टस, सोलर और हर्बल आदि के मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है यह आप सभी लोगों के परिश्रम से संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नवीन उद्योगों की स्थापना अधिक से अधिक हो इस पर राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। इसी के दृष्टिगत उत्तराखण्ड में ग्लोबल इंवेस्टर समिट प्रस्तावित है जो राज्य में निवेश की संभावनाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि इस समिट में सभी उद्यमियों की भागीदारी भी बेहद महत्वपूर्ण होगी।

इस सम्मान समारोह में सिडकुल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन उत्तराखण्ड के अध्यक्ष डॉ. हरिन्दर गर्ग ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत और इस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मोहिन्दर आहुजा ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के. के. पंत, प्रो. अक्षय द्विवेदी, सिडकुल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के महासचिव राज अरोड़ा, एसोसिएशन के अजय जैन, ललित सचदेवा, राधिका नागरथ सहित अन्य पदाधिकारी और सम्मानित होने वाले उद्यमी व उनके परिजन मौजूद रहे।

............0...........